अगर हमारे फिजियो किसी खिलाड़ी को काम के बोझ के प्रबंधन के लिए कह रहे हैं तो मुझे लगता है कि हमें उनकी बात सुननी चाहिए क्योंकि वे चीजों को बेहतर समझते हैं। - चेतन शर्मा

पूर्व भारतीय गेंदबजा, जसप्रीत बुमराह को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

सानिया चंडोक

मुंबई की हाई-प्रोफाइल सोसाइटी में नाम सानिया चंडोक इन दिनों खासी चर्चा में है। दरअसल, सानिया भारतीय क्रिकेट के महान दिग्गज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की मंगेतर हैं। बल्कि इसलिए भी कि वह एक ऐसे कारोबारी घराने से आती हैं जिसकी पहचान भारत के हॉस्पिटैलिटी और फूड इंडस्ट्री में दशकों से स्थापित है। सानिया का परिवार बैकग्राउंड, शिक्षा और खुद के बिजनेस वेंचर उन्हें एक अलग पहचान दिलाते हैं। सानिया चंडोक मुबई के मशहूर घई परिवार से है। उनके नाना रवि इकबाल घई ठाविस हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड के चेयरमैन हैं।

क्या आप जानते हैं ?... एशिया कप में आठ खिताबों (सात वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय) के साथ भारत इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है। श्रीलंका छह खिताबों के साथ दूसरी सबसे सफल टीम है।

आज हो सकता है एशिया कप और महिला विश्वकप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

मुम्बई 18 अगस्त। अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है। इसके अलावा नीतू डेविड की अगुवाई वाली चयन समिति 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला विश्वकप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम चुनेगी।

चयनकर्ता एशिया कप के लिए टीम चुनने के लिए मंगलवार को मुंबई में बैठक करेंगे।ऐसा माना जा रहा और टीम का चयन पारंपरिक ज्ञान और आम उम्मीदों से हटकर हो सकता हैं। ऐसे में इंग्लैंड दौरे में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल हो सकता है।

चयनकर्ताओं से अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की मौजूदा जोड़ी को ही चुनने की उम्मीद है। तीसरे सलामी बल्लेबाज के लिए हमेशा जगह होती है, और गिल का नाम चर्चा होनी तय है, लेकिन यशस्वी जायसवाल इस भूमिका के लिए मजबूत दावेदार हैं।

टीम में अन्य बल्लेबाजों में तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह शामिल हो सकते हैं, एक और बल्लेबाजी स्थान पर अभी फैसला होना बाकी है। शिवम दुबे और वाशिंगटन सुंदर दावेदार हैं। जितेश शर्मा के दूसरे विकेटकीपर की जगह लेने की उम्मीद है। एंडरसन-तेंदुलकर श्रृंखला में अपने जोशीले प्रदर्शन से सबसे अधिक विकेट लेने वाले और वर्तमान में देश के चहेते सिराज को जगह पाने में संघर्ष करना पड़ सकता है, क्योंकि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आक्रमण की अगुवाई करने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा में से एक (या दोनों) के लिए जगह मिलने की उम्मीद है। हार्दिक पांड्या, जिन्होंने टी20 विश्व कप में महत्वपूर्ण आखिरी ओवर फेंका था, टीम में दूसरे तेज गेंदबाज होंगे। कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई और उप-कप्तान अक्षर पटेल, स्पिनर होंगे और वाशिंगटन सुंदर संभावित खिलाड़ी हो सकते है।

महिला विश्वकप के लिए भी कल टीम की घोषणा हो सकती है। अगर हालिया प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम पर नजर डालें तो शीर्ष छह में से चार बल्लेबाजो की जगह बिल्कुल पक्की है। इस सूची में स्मृति मांधना, हरमनप्रीत कौर, जेमिमाह रॉड्रिग्स और ऋचा घोष का नाम शामिल है। पिछले कुछ सीरीज से प्रतिका रावल ने मांधना के साथ भारतीय टीम को काफी अच्छी शुरुआत दिलाई है। उन्होंने 14 पारियों में 703 रन बनाए हैं और औसत 54.07 का रहा है। यह रन उन्होंने 88 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं। इसी तरह पिछले साल चोट से वापसी करने के बाद हरलीन देओल ने भी अपने खेल में निरंतरता दिखाई है। उन्होंने दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहले वनडे शतक भी लगाया था।

यास्तिका भाटिया की स्थान की बात करें तो ऋचा घोष के बाद वह भारत की दूसरी विकेटकीपर विकल्प हो सकती हैं। यास्तिका की बल्लेबाजी क्षमता के कारण उनका चयन और भी आसान बन जाता है। यही वजह है कि भारतीय चयन समिति के लिए शेफाली को टीम में सेट करना थोड़ा मुश्किल है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वयं को कई बार साबित किया है। इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन भी अच्छा था।

अमनजोत कौर भारतीय टीम के लिए अच्छी ऑलराउंडर के रूप में उभरी हैं। इंग्लैंड में जब भारतीय टीम ने टी-20 सीरीज जीती तो अमनजोत को इस्तेमाल दूसरे सीम गेंदबाज के रूप में किया गया। उस सीरीज में उन्होंने 13 ओवर में तीन विकेट लिए और साथ ही नाबाद 63 रनों की शानदार मैच जिताने वाली पारी खेलकर अपनी बल्लेबाजी क्षमता का भी प्रदर्शन किया। अगर अमनजोत को जगह मिलती है, तो संभव है कि भारत को तीसरे स्पेशलिस्ट सीमर की जरूरत न पड़े। उस स्थिति में, अरुंधति रेड्डी जैसी खिलाड़ी का चयन शायद न हो। उनके बजाय चयनकर्ता शेफाली या एक रिस्ट स्पिनर को टीम में शामिल करने के बारे में सोच सकता है।

अगर विशेषज्ञ स्पिनरों की बात की जाए तो श्रीलंका त्रिकोणीय सीरीज़ में शानदार वापसी करने वाली स्नेह राणा और एन श्री चरणी का नाम शामिल है। इनके साथ दीप्ति शर्मा और राधा यादव भी हैं। वहीं श्रेयंका पाटिल और मिन्नू मणि ऐसे ऑफस्पिन ऑलराउंडर हैं जिन पर चर्चा की जा सकती है।

शुभमन गिल को नहीं मिलेगा एशिया कप के लिए मौका?

एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान मंगलवार, 19 अगस्त को होगा। भारतीय टीम में 17 खिलाड़ियो को मौका मिल सकता है। अगर 15 खिलाड़ियों का चयन हुआ तो चयनकर्ताओं को काफी माथापच्ची करनी होगी। पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रोहित शर्मा और विराट

कोहली ने इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था। वहीं एशिया कप के लिए भारतीय टीम लगभग तय है। केवल 2 स्पॉट के लिए 5 से 6 खिलाडियों के बीच टक्कर है। वहीं शुभमन गिल की वापसी की संभावना नहीं है। श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल की वापसी हो सकती है। इसके अलावा रिंकू सिंह की जगह खतरे में है। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा का टीम में बने रहना लगभग तय है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम में 1 स्पॉट के लिए वाशिंगटन सुंदर और श्रेयस अय्यर में लड़ाई है। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति को ये तय करना है कि ऑलराउंडर को मौका दिया जाए या विशेषज्ञ बल्लेबाज को। इसी आधार पर सुंदर और श्रेयस में से एक का चयन होगा। वहीं रिपोर्ट के अनुसार, शुभमन गिल की जगह सेलेक्शन कमेटी अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की जोड़ी को ओपनिंग के लिए उतार सकती है। जबकि यशस्वी जायसवाल ओपनिंग के लिए तीसरे विकल्प होंगे। हालांकि, गिल को तभी मौका मिल सकता है अगर कोच गौतम गंभीर उन्हें चुनने के लिए अड़े रहे और अगर ऐसा हुआ तो जायसवाल की छुट्टी पक्की होगी।

चोटिल इशान किशन दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम

नई दिल्ली 18 अगस्त। ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर हो गए हैं। उनक जगह टीम में ओडिशा के विकेटकीपर आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशन ई-बाइक चलाते हुए चोटिल हो गए थे। इस कारण उनके हाथ में टांके लगाने पड़े। हालांकि किशन की चोट अधिक गंभीर नहीं है। उम्मीद है कि किशन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले दो चार-दिवसीय मैचों से पहले पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया ए को भारत दौरे पर आना है जहां उनका सामना भारत ए से होगा। फिलहाल किशन बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में मौजूद हैं जहां वह चोट से उबर रहे हैं और उनकी फिटनेस पर ध्यान दिया जा रहा है। किशन के अलावा ईस्ट जोन के लिए पहले मुकाबले में काश दीप भी उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, उन्हें भी आराम की सलाह दी गई है। आकाश को कैसी चोट है, इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इशान की जगह ईस्ट जोन का कप्तान अभिमन्यु ईश्वरण को बनाया गया है। अब आकाश की जगह असम के मुख्तार हुसैन लेंगे। आकाश हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गए थे, जहां वह मैनचेस्टर में खेले गए चौथे टेस्ट से निगल की वजह से बाहर हो गए थे। हालांकि पांचवें टेस्ट के लिए द ओवल में उन्होंने वापसी की थी जहां उन्होंने बतौर नाइट वॉचमैन दूसरी पारी में करियर का पहला अर्धशतक भी लगाया था। ईस्ट जोन अपने अभियान का आगाज शुभमन गिल की कप्तानी वाली नॉर्थ जोन के खिलाफ 28 अगस्त से करेगा। सभी मुकाबले बेंगलुरु के पास स्थित सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में खेले जाएंगे। ईस्ट जोन का उप-कप्तान भारत और असम के ऑलराउंडर रियान पराग को बनाया गया है। इस दल में दो और भारतीय अंतरराष्ट्रीय सितारे मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार है। शमी की वापसी पर सभी की निगाहें रहेंगे क्योंकि पिछले दो साल में शमी ने केवल एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है। ईस्ट जोन टीम इस प्रकार है:- अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), आशीर्वाद स्वैन (विकेटकीपर), संदीप पटनायक, विराट सिंह, देनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), रियान पराग (उप-कप्तान), उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जयसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन और मोहम्मद शमी।

जयपुर जिला सीनियर ओपन एवं गर्ल्स चयन शतरंज प्रतियोगिता सम्पन्न

जयपुर, 18 अगस्त। ज़ील चेस अकादमी द्वारा रॉयल जयपुर चेस क्लब एवं जयपुर जिला शतरंज संघ के सहयोग से आयोजित जयपुर जिला सीनियर ओपन एवं गर्ल्स चयन शतरंज प्रतियोगिता का

आयोजन पारिश्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस, मानसरोवर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में वरिष्ठ खिलाड़ियों ने शानदार प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन किया। ओपन वर्ग में अनुज चोमल प्रथम स्थान पर रहे, जबकि ओजस जोशी, मिलिंद गवाडे, गौरांश शर्मा और वीर कुमार क्रमशः द्वितीय से पंचम स्थान पर रहे। गर्ल्स वर्ग में आशी उपाध्याय विजेता रहीं, जिनके बाद नितीशा अग्रवाल, ध्रुवी शर्मा, भावना शर्मा और तारा शर्मा ने स्थान प्राप्त किए। विशेष पुरस्कारों में विरेंद्र नाथ श्रीवास्तव (श्रेष्ठ वेटरन), ऋषि चतुर्वेदी (श्रेष्ठ जेड सीए खिलाड़ी), डॉ. नीरा कटारिया (श्रेष्ठ महिला) और श्रिनिका परवाल (श्रेष्ठसीए गर्ल खिलाड़ी) को सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 4 खिलाड़ी आगामी राज्य सीनियर शतरंज प्रतियोगिता में जयपुर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में आलोक चतुर्वेदी (प्राचार्य, पारिश्कार कॉलेज), मधु मेहता (कोषाध्यक्ष, जेडीसीए), अशोक चोमल (उपाध्यक्ष, जेडीसीए), तरुण शर्मा (टूर्नामेंट निदेशक) एवं रवि बजाज (निदेशक, रॉयल जयपुर चेस क्लब) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन खिलाड़ियों की प्रतिभा और समर्पण का सम्मान करते हुए गरिमामय वातावरण में हुआ।

बाबर को टी-20 विश्वकप में वापसी के लिए दो क्षेत्रों में करना होगा सुधार : हेसन

कराची, 18 अगस्त। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच माइक हेसन ने कहा है कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने के लिए बाबर आजम को दो क्षेत्रों, स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में सुधार करना होगा। हेसन ने सुझाव दिया कि अगर बाबर अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं, तो उन्हें दो अहम क्षेत्रों में सुधार करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पूर्व कप्तान दिसंबर और जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के घरेलू बिग बैश (बीबीएल) टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उनके लिए यह मौका खुला रहेगा। हेसन ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि बाबर को स्पिन का सामना करने और स्ट्राइक रेट के मामले में कुछ क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कहा गया है। वह इन चीजों पर काफी मेहनत कर रहे हैं। लेकिन इस समय हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, उन्होंने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है।

कपिल ने दिलाया पहला स्वर्ण, पुरुष टीम वर्ग में मिले दो रजत

शायमकेंट (कजाकिस्तान) 18 अगस्त। भारत के पिस्टल निशानेबाज कपिल बैंसला ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में सोमवार को भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। वहीं टीम स्पर्धा में कपिल और जोनाथन ने विजय तोमर ने रजत पदक भी जीता। इसके अलावा अनमोल जैन, सौरभ चौधरी और आदित्य मालरा ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

बैंसला ने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष जूनियर फाइनल में 243.0 का स्कोर बनाया और उज्बेकिस्तान के इल्खोमबेक ओबिदजोनोव को 0.6 सेकंड पीछे छोड़ दिया। कपिल के हमवतन जोनाथन गेविन एंटनी ने 220.7 का स्कोर बनाकर कांस्य पदक जीता, लेकिन 24 शॉट के फाइनल में 22वें शॉट के बाद बाहर हो गए।

इससे पहले कपिल ने क्वालीफिकेशन में 579 अंक बनाकर चौथा स्थान हासिल किया था और जोनाथन के साथ शीर्ष आठ में जगह बनाई थी, जो 582 अंक के साथ दूसरे स्थान पर थे। मुकेश नेलावली जोनाथन से केवल दो इनर 10 कम अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह फाइनल में तीन भारतीय खिलाड़ी पहुंच गए। कोरियाई खिलाड़ी किम डूयोन ने भी 582 अंक बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

सरफराज खान ने बल्ले से मचाया तूफान, सेंचुरी ठोक कर एशिया कप से पहले सिलेक्टर्स की बढ़ाई टेंशन

नई दिल्ली, 18 अगस्त। सरफराज खान ने सोमवार को बुची बाबू ट्रॉफी में मुंबई के लिए बेहतरीन शतक जड़ा है। उन्होंने अपनी इस सेंचुरी के दम पर सिलेक्टर्स को परेशानी में डालने का काम किया है। इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में नहीं चुने गए जिसके बाद दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टीएनसीए इलेवन के खिलाफ 92 गेंदों में शतक जड़ दिया।सरफराज खान समय बल्लेबाजी करने उतरे उस दौरान मुंबई 98 रन पर 3 विकेट खो चुकी थी। इसके बाद सरफराज ने पारी को संभाला। सरफराज खान 138 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुए। सरफराज का ये शतक एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम के ऐलान से एक दिन पहले आया है। 19 अगस्त को एशिया कपके लिए भारतीय टीम का ऐलान होना है। वहीं हाल ही में सरफराज खान ने करीब 15 किलो वजन घटाया था और वह चर्चा में आ गए थे।

सैंटोस की करारी हार से टूटे स्टार फुटबॉलर नेमार, बीच मैदान पर फूट-फूटकर रोने लगे

नई दिल्ली, 18 अगस्त। ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार को अपने पेशेवर क्लब करियर की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी जिसके बाद वो टूट गए। इस दौरान वह फूट-फूटकर रोते दिखे। सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी ए मैच में वास्को दा गामा के हाथों 0-6 से हार झेलनी पड़ी। दूसरे हाफ में 6 में से 5 गोल दागे जाने के बाद सदमे में डूबे नेमार फुल टाइम के बाद रोते दिखे।इस जीत के साथ 16वें स्थान पर काबिज वास्को दा गामा का सैंटोस से दो अंक पीछे 19 अंक रह गया। दोनों क्लब चार टीमों वाले रीलोगेशन जोन से बस थोड़ा आगे थे। लुकास पिटोन के शुरुआती गोल के बाद लिवरपूल और बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड कॉटिन्हो ने दूसरे हाफ में वास्को के लिए दो गोल किए। डेविड कोरेया डी फोंसेका, रेयान और डैनिलो नेवेस के गोल ने बेहतरी स्कोरलाइन को और मजबूत किया। नेमार को सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य और वास्को दा गामा के मुख्य कोच फर्नांडो डिनिज ने सांत्वना दी जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर वापस लौट रहे थे। सैंटोस ने परिणाम पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और मैदान की ओर पीठ करके विरोध जताया। इस अपमानजनक हार के परिणामस्वरूप मुख्य कोच क्लेबर जेवियर को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया।

चीन में आयोजित हुआ रोबोड ओलंपिक्स, जहां रोबोट बने मुक्केबाज



नई दिल्ली, 18 अगस्त। चीन पूरी दुनिया में अपनी टेक्नोलॉजी और अनोखे कामों के लिए जाना जाता है। इस कड़ी में चीन में द वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स का आयोजन हुआ। जिसमें 16 देशों की 280 टीमों ने हिस्सा लिया। इस इवेंट में करीब 500 रोबोट्स ने टेबल टेनिस, फुटबॉल, बॉक्सिंग और एथलैटिक्स के कई गेम्स खेले जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी जुटे। वहीं ये आयोजन करीब 4दिन चला और रविवार को इसका समापन हुआ। दरअसल, दुनिया भर में रोबोट्स और आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस को लेकर उत्सुकता है। तेजी से रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और एआई का विकास हो रहा है। वहीं चीन ने इस मामले में भी छलांग लगाते हुए दुनिया को अचरज में डाल दिया है। चीन में हुए इस रोबोट ओलंपिक्स ने पूरी दुनिया को रोमांचित किया है। इस आयोजन को ह्यूमनॉयड रोबोट गेम्स नाम दिया गया है, जिसे रोबोट ओलंपिक्स भी कहा जा रहा है।अक्सर फुटबॉल मैदान पर दिग्गज फुटबॉलर रोनाल्डो, मेसी, बेकहम जैसे खिलाड़ियों को गोल करते हुए देखा गया है। लेकिन इस बार चीन में रोबोट्स ने भी फुटबॉल मैच खेला। इस दौरान इनके दांव देखने वालों की भीड़ जमकर तालियां बजाती दिखीं।

द. अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम घोषित

केर्न्स, 18 अगस्त। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी हैं। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कल से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज के लिए किशोर तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को टीम में शामिल किया है। मफाका ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के साथ हुई टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर 17 खिलाड़ियों की एकदिवसीय टीम में जगह बनाई है।

बीकानेर बना राजस्थान सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता विजेता

भीलवाड़ा, 18 अगस्त। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर महिला फ़ुटबॉल प्रतियोगिता का सम्मान आज वीटी इंटरनेशनल स्कूल फुटबॉल मैदान पर सम्पन्न हुआ राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि 16 अगस्त से 18 अगस्त तक चल रही सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम सेमीफाइनल मैच अजमेर वर्सेज झुंझुनू के बीच हुआ अजमेर 3- 0 से विजेता रही द्वितीय सेमीफाइनल मैच बीकानेर वर्सेज सीकर के बीच हुआ जिसमें बीकानेर ने 7- 1 से विजेता रही फाइनल में बीकानेर और अजमेर ने अपनी जगह बनाई है वहीं फाइनल मुकाबले में बीकानेर ने अजमेर को 2 - 1 से मात दे कर फाइनल का खिताब अपने नाम किया समापन समारोह में मुख्य अतिथि अकिन चौधरी विशिष्ट अतिथि प्रहलाद नुवाल कैलाश सोनी संपत कोठारी वही कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान फुटबाल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने की वही उन्होंने जिला फुटबॉल संघ के सचिव कैलाश चंद्र खटीक को बधाई देते हुए बताया कि प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी 8 सितंबर से अमृतसर पंजाब में आयोजित राष्टीय सीनियर महिला फ़ुटबॉल में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका योगेश वर्मा शंकर लाल जीनगर लोकेश बुनकर जगदीश बुनकर मिथिलेश मारू भेरू लाल जीनगर किशन गगराई अमर सिंह सेफान छिपा ने निभाई वही राजस्थान फुटबाल संघ के जिला संघों के अध्यक्ष व सचिव गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। महेंद्र सिंह बिजारणियां, रफीक अहमद, दिनेश सिंह, तीर्थ सांगा, शकील अहमद, हरिराम बिश्नोई।

7वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक वर्ग में टोंक एवं बालिका वर्ग में बीकानेर टीम रही विजेता, बालिका वर्ग में जयपुर टीम उपविजेता

जयपुर, 18 अगस्त। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव के अनुसार राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ एवं सीकर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा 7वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका वर्ग) का आयोजन दिनांक 15 अगस्त से 17 अगस्त 2025 तक खंडेला, सीकर में आयोजित किया गया। रविवार को बालक वर्ग में पहला सेमीफइनल मैच में बीकानेर ने सीकर को 35 17, 35-14 पॉइंट्स हराया और दूसरे सेमीफइनल मैच में टोंक ने जोधपुर को 35-23, 35-20 पॉइंट्स से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। बालिका वर्ग मे पहला सेमीफइनल मैच में बीकानेर ने चूरू को 35-26, 35-25 पॉइंट्स से हराया और दूसरे सेमीफइनल मैच में जयपुर ने दौसा को 35-14, 35-10 पॉइंट्स से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग के फाइनल मैच में टोंक ने बीकानेर को 35-24, 35-31 पॉइंट्स से हराया और विजेता रहा वही बालिका वर्ग के फाइनल मैच में बीकानेर ने जयपुर टीम को 35-23, 35-14 से हराया और बालिका वर्ग का ख़िताब जीता।

प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम : बालक वर्ग में टोंक प्रथम, बीकानेर द्वितीय, जोधपुर और सीकर तृतीय स्थान पर रहें। बालिका वर्ग में बीकानेर प्रथम, जयपुर द्वितीय, चूरू एवं दौसा तृतीय स्थान पर रहें। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बालिका वर्ग में बीकानेर से अनामिका और बालक वर्ग में टोंक से जयराम जाट रहें एवं सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाडी बालक वर्ग में बीकानेर से पवन एवं बालिका वर्ग में जयपुर की आमना रहीं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ताराचंद घायल, उप जिला प्रमुख, सीकर, विशिष्ट अतिथि जिला खेल अधिकारी, सीकर प्रकाश राम गोदारा, विद्यालय निदेशक श्रवण कुमार नेहरा रहें। सभी अतिथियों ने समस्त विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा, महासचिव शौकत अली मन्सूरी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी, सीनियर महिला 20 ट्रॉफी व अंडर 19 ट्रॉफी

कुणाल सिंह राठौर, सलमान, मुकुल जयदीप सिंह के शतक

जयपुर, 18 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता, सीनियर रणजी ट्रॉफी व अंडर 19 प्रतियोगिता में में भाग लेने वाली राजस्थान टीमों के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी, राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन 20 प्रतियोगिता व राज्य स्तरीय अंडर 19 प्रतियोगिता के खेल गए मैचों का परिणाम व स्कोर :- आरसीए सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी :- अंतिम दिन का स्कोर

के एल सैनी स्टेडियम - टीम जी पारी 241 आल आउट, टीम एच्पारी 286 /10, टीम जी दूसरी पारी 238/8, टीम के के लिए सलमान खान 131, देवांश 43 रन, टीम एच् के गेंदबाज सम्राट, सिंह, शुभम पटवालप्रत्येक 2 -2 विकेट।

अनंतम ग्राउंड- टीम डी पारी 351 आल आउट, टीम सी पारी 508 आल आउट, टीम के लिए कुणाल सिंह राठौर 107, जयदीप सिंह 115, हेमंत 52, रामनिवास गोलाडा 41, शोभित मिश्रा 41, युवराज सिंह 39 व राहुल 32 रन, टीम डी के गेंदबाज हेमंत कुमार 123/4, नीलेश टांक 97/3 व रामेश्वर लाल 2 विकेट।

सोनी ग्राउंड- टीम बी पारी 342 आल आउट, टीम ए पारी 372 आल आउट, टीम के लिए रोहनराजभर 93, दीपक कड़वासरा 55 रन, टीम बी के गेंदबाज हिमांशु नेहरा 77/4, अशोक शर्मा 100/2 व मो साद 91/3 विकेट।

जयपुरिया ग्राउंड - टीम पारी 519 आल आउट, टीम पारी 306/8, टीम के

लिए मुकुल चौधरी 111, अव्यांश 60, अंकुश 46, सचिन शर्मा 34 रन, टीम के गेंदबाज मोहित, दिव्य प्रताप, प्रद्युमन प्रत्येक 2 -2 विकेट।

राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन 20 प्रतियोगिता के मैचों का परिणाम- क्वाटर फाइनल मैच

आरसीए अकादमी चित्तोड़ - उदयपुर (चित्तोड़ 39 रन से जीती) चित्तोड़ पारी 97 /9 टीम के लिए सुमित्रा जाट 41 रन उदयपुर की गेंदबाज तमन्ना 20/3, ऋतू व प्रियांशी प्रत्येक 2 -2 विकेट उदयपुर पारी 58 आल आउट चित्तोड़ की गेंदबाज मीनाक्षी 15/3 व अनुष्का 5/2 विकेट

दौसा - झुंझनू मैच (दौसा 16 रन से जीती) दौसा पारी 104/5 टीम के लिए तनिका शर्मा 45 व तनीषा शर्मा 29 रन झुंझनू के गेंदबाज बबिता12/2 विकेट झुंझनू पारी 88 आल आउट टीम के लिए कंचन 17 रन दौसा की गेंदबाज सुमन 9/2 व याना 16/2 विकेट

राज्य स्तरीय अंडर 19 प्रतियोगिता (दूसरे दिन पाली, टोंक जीती)

टोंक - बारां मैच (टोंक 8 विकेट से जीती) बारां पारी 123 आल आउट टीम के लिए विशेष 34 व तक्षिल 27 रन टोंक के गेंदबाज हादी खान 29/3 व आदित्य वाधवा 22/3 विकेट टोंक पारी 124 / 2 टीम के लिए अनस 56 व आदित्य वाधवा 45 रन

पाली - जैसलमेर पारी (पाली 3 रन से जीती) पाली पारी 214 आल आउट टीम के लिए हर्ष दगडी 79, मनन 40 रन जैसलमेर के गेंदबाज गुलाब सिंह 33 /4 व कुलदीप 45 /3 विकेट जैसलमेर पारी 211 आल आउट टीम के लिए मुदित व्यास 55, आयतुल्लाह 37 व चेतन 34 रन पाली के गेंदबाज अरविंद37 /3, करण 13 /2 विकेट।